श्री इन्द्रदत्तसुकुल "महाराज" प्रणीता

स्मृतिसिद्धान्तचन्द्रिका

(तिथि – निर्णयः)

'अभिज्ञा' व्याख्यासहिता

पाण्डुलिपिसंशोधकः एवं 'अभिज्ञा' व्याख्याकारश्च

पण्डित श्रीरामचन्द्रशुक्लः

सम्पादकः

डॉ॰ रजनीकान्त शुक्ल

राधिका प्रकाशन, गोरखपुर

सजलजलदनीलश्चूर्णकर्चूरचैल-
शिचकुररुचिकपोलश्शीर्षतापिच्छचूडः।
शरदजलजनेत्रः कोऽपि बालो हृदीतात्
पुटकरटनकार्यो नूपुरो वेणुवेत्री।।

श्री इन्द्रदत्तसुकुल 'महाराज' प्रणीता

स्मृतिसिद्धान्तचन्द्रिका

(तिथि-निर्णयः)

'अभिज्ञा' व्याख्यासहिता

पाण्डुलिपिसशोधक अभिज्ञा व्याख्याकारश्च

पण्डितश्रीरामचन्द्रशुक्लः

सम्पादक

डॉ० रजनीकान्तशुक्लः

राधिका प्रकाशन गोरखपुर

राष्ट्रिय संस्कृत सस्थान, नई दिल्ली की वित्तीय सहायता से प्रकाशित

प्रकाशक :
पण्डित रामचन्द्र शुक्ल
ग्राम—रामडीह, पोस्ट—पटखौली
गोरखपुर, उ०प्र०

प्रथम संस्करण : 1000 प्रतियाँ

पुस्तक प्राप्ति स्थान :
राधिका प्रकाशन केन्द्र
मकान न० 117, कजाकपुर नयी कालोनी
निकट तारामडल, गोरखपुर (उ० प्र०)

मूल्य : चौबीस रुपये (24.00)

लेज़र टाइप सैंटिंग
पंकज प्रिंटर्स
मौजपुर, दिल्ली—53

समर्पणम्

पितस्तव पादपद्मेषु, कृतिरेषा समर्पिता

रामचन्द्रशुक्ल

प्रकाशक
पण्डित रामचन्द्र शुक्ल
ग्राम—रामडीह पोस्ट—नटखोली
गोरखपुर, उ० प्र०

पुस्तक प्राप्ति स्थान
राधिका प्रकाशन केन्द्र
मकान नं० ११७, कजाकपुर नयी कालोनी
निकट तारामडल, गोरखपुर (उ० प्र०)

मूल्य

लेजर टाइप सैटिंग
पकज प्रिंटर्स
मौजपुर दिल्ली—५३

विषय-अनुक्रमणिका

डॉ० मण्डन मिश्र
कुलपति
सम्पूर्णानन्द सस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी – २२१००२

दूरलख श्रुतम
दूरभाष ३४४०८६ का० ३४८१३०
३४८६१७ नि० ३४८१३० फेक्स
पत्र स० १२८/६८
दिनाक १२/६/६८

अनुशंसा

मैंने स्व० श्री इन्द्रदत्त शुक्ल द्वारा लिखित 'स्मृति–सिद्धात चन्द्रिका' नामक ग्रन्थ का अवलोकन किया। यह ग्रन्थ अभिज्ञा व्याख्या से सुसम्पन्न है। इसके व्याख्याकार आदरणीय प० श्री रामचन्द्र शुक्ल हे। तिथि पर्व निर्णय आज के युग की एक अनिवार्य आवश्यकता है। जब शास्त्रो की प्राचीन परम्परा धीरे-धीरे पारिवारिक जीवन से लुप्त होती जा रही हे, ऐसे समय मे समाज के मार्गदर्शन के लिए इस प्रकार के ग्रन्थो की महत्ता बहुत बढ जाती है। हर व्यक्ति के लिए शास्त्रो का अध्ययन कर आवश्यक परामर्श प्राप्त करना सभव नहीं है। ऐसी स्थिति मे ऐसे ग्रन्थ की आवश्यकता एव उपयोगिता का सहज रूप मे अनुमान किया जा सकता है।

शुक्ल–परिवार धर्मशास्त्र की विद्वत्ता एव विद्या का एक प्रमुख केन्द्र रहा है। उनकी पुरी का नाम ही 'शुक्लपुर' है जो इस परिवार की प्रतिष्ठा का द्योतक है। शुक्ल वश का एक वश–वृक्ष भी दिया गया है जिससे इस परिवार के व्यापक स्वरूप का दृश्य स्पष्ट हो जाता है।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जगद्गुरू शकराचार्य विद्यालय, इण्टर कालेज सन्त कबीर नगर के अवकाश प्राप्त आचार्य है। वे स्वय एक विख्यात विद्वान् हैं और स्मृतियो तथा धर्मशास्त्र के आचार्यो को अपने जीवन मे भी निर्वाह करते आ रहे हैं। अपने पिता के आज्ञा–पालन की दृष्टि से इस ग्रन्थ के सम्पादन, व्याख्या लिखकर समाज का जो उपकार किया है, इसके लिए वे अभिनन्दन के पात्र हैं। उनके पुत्र श्री रजनीकान्त शुक्ल ने इसके सम्पादन मे महत्त्वपूर्ण योगदान किया है। श्री रजनीकान्त के साथ मुझे श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय सस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली मे कुलपति कार्यकाल मे काम करने का अवसर मिला है, वे एक अत्यन्न अनुशासित, शील और विनय के अधिष्ठाता है। शिक्षाशास्त्र के साथ–साथ आपको सम्पादन कार्य मे भी दक्षता प्राप्त है। विद्यापीठ की शोध–प्रभा का ये सम्पादन करते रहे हैं। उनके सम्पादन से इस ग्रन्थ के सुषमा में वृद्धि हुई है। मैं शुक्ल वश की विद्या–साधना के प्रति अपना आदर भेट करता हूँ और इस ग्रन्थ को विद्वत–समाज को अर्पित करता हूँ।

डॉ० मण्डन मिश्र
कुलपति

विद्यानिवास मिश्र

फ्क्स/टलीफान (०५४२) ३५६३०६
वृन्दा एन ३ बादशाह बाग
वाराणसी – २२१००२

समीक्षा

डॉ० श्री रजनी कान्त शुक्ल ने **स्मृति सिद्धात चन्द्रिका** (तिथि–निर्णय) के लगभग डेढ सौ वर्ष पूर्व लिखे ग्रन्थ का सम्पादन करके उसे नया कलेवर दिया हे। तिथि की अवधारणा बहुत ही महत्त्वपूर्ण अवधारणा है।

यह चन्द्र की गति से नियत्रित है। इसलिए यह अनुभवगोचर अवधारणा है। तिथि का महत्त्व प्रत्येक अनुष्ठान मे, यहॉ तक प्रतिदिन के सकल्प मे है क्योकि अखण्ड काल को समझने मे खण्ड काल सहायक होता है। हमारे कौन व्रत किस–किस तिथि मे होते हैं और वह तिथि कौन सी गृहीत है उस व्रत के लिए उदया, मध्याह्न व्यापिनी, प्रदोष व्यापिनी या निशीथ व्यापिनी इस पर विस्तृत विचार अनेक ग्रन्थो के प्रमाणपूर्वक इस ग्रन्थ मे किया गया है।

इसकी रचना व्याख्याकार के वृद्ध प्रपितामह श्री इन्द्रदत्त शुक्ल ने की थी। सपादक के पिता प० श्री रामचन्द्र शुक्ल ने इसकी अभिज्ञा व्याख्या लिखकर इसे सर्वसाधारण के लिए उपयोगी बना दिया है। महत्त्वपूर्ण व्रतो के अनुष्ठान के स्वरूप भी यथा स्थान दिए गए हैं। इन सबके कारण यह ग्रन्थ धर्मप्राण जनता के लिए बहुत उपयोगी है। सम्पादक इसके लिए साधुवाद के पात्र है।

आषाढशुक्ल १३, २०५५ **विद्यानिवास मिश्र**

सम्मति

मैंने स्व० प० श्री इन्द्रदत्त शुक्ल महाराज के द्वारा लिखित स्मृति–सिद्धात चन्द्रिका, (तिथि–निर्णय) ग्रन्थ को देखा। यह पुस्तक सनातन जगत् की अनेक जिज्ञासाओ का सारभूत समाधान है। हमारी भारतीय सस्कृति मे आत्मा को परलोक सम्बन्धी माना जाता है, अत उस परलोक सम्बन्धी आत्मा के कल्याण के लिए अपौरूषेय वेदो मे अनेक कर्मानुष्ठान एव तप का वर्णन है। उन सत्कर्मो के अनुष्ठान के लिए काल विशेष के निर्धारण की महती चिन्ता रहती है, काल, तिथ्यादियुक्त होता है। तिथियो का घटना बढना भी स्वाभाविक होता है। इस स्थिति मे तिथ्यादि काल के निर्धारण मे बडी कठिनाई सी रहती है।

विद्वान् लेखक ने इस ग्रन्थ की रचना से व्रत पर्व तिथि आदि का प्रामाणिक रूप मे निश्चित स्वरूप का उपस्थापन कर अत्यन्त उपकार किया है जिससे, सनातन लोक सदा अघमर्ण रहेगा। ग्रन्थविलोकन से मनीषी लेखक की अध्ययनशीलता वे साथ शास्त्रज प्रतिभा का अनुमान होता है।

ग्रन्थ की भावाभिव्यक्ति के लिए हिन्दी टीकाकार प० रामचन्द्र शुक्ल का पाण्डित्य भी सराहनीय है विद्वान् टीकाकार श्री शुक्ल ने अभिज्ञा टीका के द्वारा सामान्यजन तक विद्वान् लेखक के भाव को प्रसारित किया है, इसकी भाषा शैली तथा प्रतिपादन परम्परा टीकाकार की विद्वत्ता को प्रमाणित कर रही है। यह दोनो कार्य अत्यन्त स्तुत्य, ग्राह्य है।

आशा है कि इसके अध्ययन से पाठक को महान् लाभ होगा।

रामयत्न शुक्ल
राष्ट्रपति सम्मानित विद्वान्
भू०पू० आचार्य एव अध्यक्ष
स० स० वि० वि० वाराणसी

भूमिका

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मन ।
स्व स्व चरित्र शिक्षेरन् पृथिव्या सर्वमानवा ।।

भारतीय मनीषियो का यह प्राचीन उद्‌घोष किसी युग मे पूर्ण सार्थक था। गुप्त काल तक यह देश स्वर्ण पक्षी के नाम से विख्यात रहा। प्राणी मात्र मे एक ही तत्त्व का दर्शन भारतीय सिद्धात की पराकाष्ठा थी। **''सूर्य आत्मा जगतस्तथुषश्च''**। केवल मानव मात्र की एकता नहीं कही गयी है। पुरुष सूक्त के अनुसार सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के उद्‌भव का कारण एक है। **''पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृत दिवि''** पृथ्वी लोक एक चतुर्थांश है– शेष द्यूलोक मे है। भूतल का भी अण्डज, पिण्डज, स्वेदज उद्‌भिज जीव जन्तु एक ही परमात्मा की शक्ति से उद्‌भूत है। अत किसी के प्रति तिरस्कार का भाव ईश्वर का अपमान माना गया है। **एकोऽह बहुस्या प्रजाये**, यह भारतीय मनीषियो का स्वानुभव उद्‌घोष रहा है।

ब्रह्म का चिन्तक ब्रह्मविद् माना गया है। उसके हृदय मे अहकार दर्प, दम्भ, काम, क्रोध, जन्य विकार का अभाव हो जाता है। उसके लिये, इष्टानिष्ट समान होता है। **न द्वेष्टि न काक्षति**। समस्त जीवो मे अपने को तथा अपने मे समस्त जीवो का दर्शन करने वाला '**वासुदेव सर्वमिति**' इस परम ज्ञानानन्द से परिपूर्ण होकर **''आत्मवत् सर्वभूतेषु''** का स्वय अनुभूत भाव को सब मे अनुभव कराने का प्रयास करता रहा।

भारतीय सस्कृति–चिन्तन का यह अमृत बिन्दु इस देश के मस्तक को सदा उन्नत करता है–

'दुर्जनः सज्जनो भूयात् सज्जन शान्तिमाप्नुयात्।
शान्त मुच्येत् बन्धेभ्यो मुक्तश्चान्यान् प्रमोचयेत्'।।

सम्पूर्ण प्राणियो के हृदय मे सद्‌भाव भर जाय। सत्पुरुष शान्ति का अनुभव करे– शान्त चित्त जीव जन्म मृत्यु के बन्धन से मुक्त हो जाय– तथा मुक्त व्यक्ति सन्यासी के रूप मे सम्पूर्ण लौकिक विषय जन्य सुख का त्याग कर अन्य जीवो को जगत् के बन्धन से मुक्त कराकर परमात्मा का अनुभव करा दे, यही भारतीय सस्कृति की उदात्त परोपकार निष्ठा इसे जगत् गुरु के रूप मे प्रतिष्ठित किये था। जहा परमार्थ ही स्वार्थ है। राजर्षि रन्तिदेव तथा महर्षि दधीचि ने अतिथि के लिये व समाज के लिये, अपने शरीर तक का परित्याग कर दिया। इसीलिये

श्री व्यास जी कहते है—

ब्राह्मण का शरीर इन्द्रिय—विषय वाह्य सुख के लिये नहीं है। बहिर्मुख इन्द्रिया दुर्बल हो जाती है। परमात्मा का अनुभव करने व कराने के लिए आत्मानुभव करना परमावश्यक है—

बलहीन व्यक्ति आत्मसाक्षात्कार नही कर सकता है।

भगवती श्रुति कहती हैं— **"नायमात्मा बलहीनेन लभ्य "** इसीलिये भारतीय समाज का एक वर्ग सम्पूर्ण भोगो का त्याग कर के तत्व चिन्तन परमात्म शक्ति निरुपण मे सलग्न रहा। पितामह ब्रह्मा के मानस पुत्रो से ही यह परम्परा चल पडी— सनकादि मुनि तथा देवर्षि नारद जी अव्याहत गति से लोकत्रय मे समस्त सृष्टि के कल्याण हेतु विचरण करते रहे। सन्त परम्परा सिद्ध परम्परा, नाथ परम्परा, अवधूत परम्परा इसका उदाहरण है। आज भी भारत मे लाखो साधु सन्यासी सन्त सिद्ध केवल परमार्थ चिन्तन मे ही रत है।

निश्व के लोग इसीलिये विज्ञान के इस प्रगति मे विनाश से बचने के लिये भारतीय चिन्तन की ओर आशान्वित हे।

सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड मे समष्टि रूप मे स्थित चेतन ब्रह्म है। उसी के चेतनाश से सम्पूर्ण स्थावर जगम प्राणवान् है। जगत के विषय भोगो का त्याग कर के जो लोग उस ब्रह्म का अनुभव करने मे तथा अन्य लोगो को सुख दु खात्मक जगत के बन्धन से मुक्त कराने के लिये तपस्या मे लीन हुये, उन्हे समाज मे ब्राह्मण की सज्ञा प्राप्त हुई। मुख्यत सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का आधार ब्रह्म का ही एकमात्र जो लोग चिन्तन करते रहे, तथा जिनका सम्पूर्ण जीवन जगत के कल्याण हेतु समर्पित था वे ब्राह्मण समाज मे अग्रणी माने गये। सम्पूर्ण सृष्टि ब्रह्म का स्वरूप है— उसमे ब्राह्मण वर्ग परहित मे निरत होने के कारण एव मुख्य होने से मुख कहा गया।

जैसे सम्पूर्ण भोज्य सामग्री मुख मे ही डाली जाती है परन्तु किसी अग को कभी विरोध नहीं होता। क्योकि वह समस्त अग को पोषण शक्ति प्रदान कर देता है— अपने अन्दर कुछ भी नहीं रखता। ठीक, इसी प्रकार ब्राह्मण अपना तप भी जीव मात्र के कल्याण हेतु दे देता रहा। इसलिए श्रीमद्भागवतकार ने कहा है—

कृच्छ्राय तपसे चेह प्रेत्यानन्तसुखाय च।

इस लोकमे ब्राह्मण कठिन तप करके परलोक के सुख के लिए शरीर धारण करता है तथा स्वय मुक्त होकर अन्य लोगो के मुक्ति हेतु सदा तत्पर

रहता है। बुद्ध व्यास जैन विवेकानन्द सदृश महात्मा आज भी जाने जाते है।

ब्राह्मण परम्परा

ब्रह्म ब्रह्मा ब्राह्मणश्च त्रितय ब्राह्मण उच्यते।

ब्राह्मण शब्द से वेद के एक भाग का भी बोध होता है– जिसमे कर्म काण्ड के विधि का निरुपण है। सृष्टि कर्ता पितामह वेद तथा वेदपुरुष परमात्मा की सज्ञा भी ब्राह्मण है। ब्रह्मसूत्र धारण करना प्रथम लक्षण था। यह ब्रह्मसूत्र विष्णु के नाभिकमल से उत्पन्न स्वय ब्रह्मा के शरीर मे सहज ही दिखायी दिया। कहते है– **"यज्ञोपवीत परम पवित्र प्रजापतेर्यत्सहज पुरस्तात्।"**

ब्राह्मण सज्ञा

वेद, पुराण, आगम के अनुसार ब्रह्मा जी सृष्टि विस्तार हेतु श्री विष्णु की आज्ञा से अपने तपस्या के प्रभाव से मरीचि, अत्रि, भृगु, पुलह, पुलस्त्य अगिरा, वशिष्ठ, क्रतु, नारद, दक्ष, तथा कर्दम सदृश अन्य लोगो को उत्पन्न करके उनको भी सृष्टि विस्तार हेतु आदेश दिया। परन्तु प्रारम्भ मे वे सभी लोग सनक, सनन्दन सनातन, सनत्कुमार के पथ पर चलने का निर्णय ले कर घोर तपस्या मे लीन हो गये। ब्रह्मा जी को बडी निराशा हुई वह चिन्ता करने लगे कि सृष्टि का विस्तार कैसे हो। परमात्मा की प्रेरणा से पूर्व सृष्टि के अनुभव से दम्पति स्वायभुव मनु एव शतरुपा को प्रगट कर के परस्पर उन्हे आकर्षित देखकर सृष्टि विस्तार मे सहयोग हेतु आदेश दिया–

मनु शतरुपा से उत्पन्न आकूती, देवहूती, प्रसूती को क्रमश रुचि, कर्दम एव दक्ष को प्रदान किया।

कर्दम एव देवहूती से नौ कन्याओ का जन्म हुआ। परमात्मा के आदेश तथा श्री ब्रह्मा जी के कहने पर तपस्या निरत मरीचि भृगु आदि ऋषियो ने कन्याओ को स्वीकार किया, वन मे रह कर तपस्या करने लगे, उनसे जो सन्ताने हुई वे ही ब्राह्मण के रूप मे पहले प्रसिद्ध हुयी। पुराण एव आगम के अनुसार आगे चलकर अनेक प्रभावशाली लोगो ने कर्म काण्ड कराने के लिये अन्य वश परम्परा को भी ब्राह्मण बना लिया– विश्वामित्र का ब्रह्मर्षि होना प्रसिद्ध है तथा ऋषभदेव जी ने अपने ८१ पुत्रो को ब्राह्मण बना दिया। द्वापर युग तक ऋषि एव गोत्र के नाम से ब्राह्मण की पहचान होती रही।

जाति

कलिकाल मे ब्राह्मण वश की सख्या का विस्तार देखकर जाति–गोत्र तथा गाव के नाम से वर्णन होने लगा।

काश्यप ब्राह्मण एव उनके वशज–भविष्य पुराण प्रतिसर्ग खण्ड ३ के अनुसार एक सहस्त्र वर्ष कलि काल के व्यतीत हो जाने पर कलिकाल के प्रभाव

से म्लेच्छाधिप का राज्य मे विस्तार होने लगा। श्री कृष्ण के धराधाम का त्याग कर के निज धाम चले जाने पर कलियुग के साथ म्लेच्छ भी भारत वर्ष मे आ गये। न्यूहाख्य यवन के द्वारा सम्पूर्ण पृथ्वी परिपूर्ण हो गयी–

''सम्पन्न भारत वर्ष तदा जात समन्तत·।
न्यूहाख्यो यवनो नाम तेन वै पूरित जगत्।।
सहस्राब्दकलौ प्राप्ते महेन्द्रो देवराट् स्वयम्।
काश्यप प्रेषयामास ब्रह्मावर्ते महोत्तमे।।

भ पु प्र ३/१०,११

आर्यावती के साथ विवाह कर के काश्यप ब्राह्मण ने १० पुत्रो को जन्म दिया। इनके पिता का नाम कण्व है। **कण्वो नाम मुनि श्रेष्ठस्सम्प्राप्त कश्यपात्मज** ''काश्यप कण्व ने चारो वेदो के द्वारा सरस्वती की उपासना किया। **सरस्वती नदी रुपा कुरुक्षेत्रनिवासिनीम्** यह नदी उस समय कुरुक्षेत्र मे बह रही थी।

चतुर्वेदमयैः स्तोत्रै· कण्वस्तुष्टाव नम्रधी।
दशपुत्रास्तयोर्जाता आर्यबुद्धि करा हि ते।।

इसी समय गोत्र के अतिरिक्त जाति एव उप जाति के रूप मे ब्राह्मण वश का वर्णन प्रारम्भ हो गया। यही वश पुन दश जाति के रूप मे आगे चल कर प्रसिद्ध हुये–

(१) उपाध्याय (२) दीक्षित (३) पाठक (४) शुक्ल (५) मिश्र (६) अग्निहोत्री (७) द्विवेदी (८) त्रिवेदी (९) पाण्डेय (१०) चतुर्वेदी।

भविष्य पुराण के अनुसार द्वापर मे लुप्त द्वारिका का उद्धार इन लोगो द्वारा हुआ। श्री कृष्ण के यह लोग उपासक थे। श्री निम्बार्काचार्य के सम्प्रदाय मे यह लोग दीक्षित हुये तथा द्वारिका मथुरा, वृन्दावन, जगन्नाथ पुरी तक जाकर धर्म का प्रचार प्रसार करते रहे।

सरस्वती की कृपा से भक्त वत्सला शारदा ने क्रमश उपाध्यायी, दीक्षिता, पाठकी, शुक्लिका, मिश्राणी, अग्निहोत्री, द्विवेदिनी, त्रिवेदिनी, पाण्ड्यायिनी, चतुर्वेदिनी के साथ उनका विवाह कर दिया जिनसे गोत्र प्रवर्तक १६ पुत्र हुये। गोत्र प्रवर्तक १६ ऋषि प्रसिद्ध हैं–

कश्यपश्च, भरद्वाजो, विश्वामित्रोऽथ गौतमः।
जमदग्निर्वशिष्ठश्च वत्सो गौतम एव च।।
पराशरस्तथा गर्गोऽत्रिर्भृगुश्चागिरास्तथा।
शृगी कात्यायनश्चैव, याज्ञवल्क्य· क्रमात्सुता।।

भ पु प्र २१/१३,१४

इसी क्रम मे अन्य ऋषि भी गोत्र एव प्रवर प्रवर्तक प्रसिद्ध है।

बौद्ध धर्म के प्रभाव को रोकने के लिए स्वय परमात्मा ने जगन्नाथ पुरी मे राजा इन्द्रद्युम्न को दर्शन देकर दारुपाषाण विग्रह के रूप मे प्रतिष्ठा हेतु आदेश दिया।

"बौद्धराज्यविनाशाय दारुपाषाणरूपवान्।
अह सिन्धु तटे जात लोकमगलहेतवे।।

इन्द्रद्युम्नश्च नृपति स्वर्गलोकादुपागत।
मन्दिर रचित तेन तत्राह समुपागत।। भ पु प्र २०/८७ ८८

कालान्तर मे कलि के प्रभाव मे सप्त पुरियो के लुप्त हो जाने पर काश्यप ब्राह्मण अपने तेजस्वी पुत्र शुक्ल को रैवत शिखर पर तपस्या करने हेतु भेजा—

नष्टाया सप्तपूर्या ब्रह्मावर्त महोत्तमम्।
सरस्वती दृषद्वत्योर्मध्यग तत्र चावसत्।।
स्वपुत्र शुक्लमाहूय द्विजश्रेष्ठ तपोधनम्।
आज्ञाप्य रैवत श्रृग तपसे तु पुन स्वयम्।। भ पु प्र ३/१४,१५

काश्यप ने अपने अन्य नो पुत्रो को मनुस्मृति प्रोक्त धर्मशास्त्र को पढाया। पिता के आदेश से शुक्ल नामक मुनि ने कठोर तपस्या द्वारा वासुदेव जगन्नाथ का दर्शन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वय वासुदेव भगवान ने उन्हे दिव्यधाम द्वारका का दर्शन कराया—

द्वारका दर्शयामास दिव्यशोभा समन्विताम्।
व्यतीते द्विसहस्राब्दे किञ्चिज्जाते भृगुत्तम।। भ पु प्र ३/१६

नारायण की कृपा से विष्वक्सेन नाम का एक पुत्र हुआ। सम्पूर्ण भारत वर्ष मे विचरण करते हुये म्लेच्छो का वेग रोकते हुए बौद्ध धर्म का प्रत्याख्यान किया ओर वैष्णव धर्म का प्रचार करते रहे।

गर्ग गोत्र शुक्ल वश

गर्ग गोत्रीय शुक्ल वश के ब्राह्मण श्री कृष्ण के उपासक तपोमय जीवन व्यतीत करते हुए समाज मे अपने सिद्धि के कारण विशिष्ट स्थान प्राप्त किये।

यह प्राय नदी के तट पर एकान्त मे रह कर श्री वासुदेव भगवान की आराधना करते रहे। शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन शाखा कात्यायन सूत्र के अनुसार इनका कर्मकाण्ड प्रसिद्ध रहा है।

इनकी वश परम्परा सम्पूर्ण भारतवर्ष मे विद्यमान है तथापि सरयू व राप्ती नदी के मध्य इनके प्रमुख स्थान प्रसिद्ध हैं।

समय चक्र के प्रभाव से राजा लोग परस्पर कलहरत होकर कमजोर होने लगे। छोटी छोटी रियासतें उभरने लगी। वे बौद्ध एव म्लेच्छ के प्रभाव से अपने को एव समाज का बचाने के लिये नदी के किनारे रहकर त्रिकाल सध्या करते हुए अपने इष्ट देवता के पूजन मे ही सम्पूर्ण जीवन लगा दिये। अनायास प्राप्त अयाचित वृत्ति से जीविका निर्वाह होने लगा। कृषि कर्म से विरत रहते थे, धन सग्रह इन्हे अभीष्ट नहीं था। इसीलिये इन्हे पक्ति पावन की सज्ञा प्राप्त हो गयी।

सरयू पारीण ब्राह्मण

सरयू नदी के दक्षिण रहने वाल लोग सरयू के उत्तर तटवर्ती ब्राह्मणो के विद्वत्ता आचार, विचार, व्यवहार से अतिशय प्रभावित होते रहे। परिणाम स्वरुप अध्यात्म की शिक्षा देने के लिये यह शुक्ल वश गर्ग गोत्रीय ब्राह्मण मध्यप्रदेश तक जाते रहे। इनके शिष्य सर्वत्र आज भी विद्यमान हे। बस्ती मे वासी रियासत, देवरिया मे सतासी रियासत प्रसिद्ध रही हे। दोनो के मध्य गोरखपुर मे उनवल, बढयापार, गोपालपुर स्टेट अपने समय मे स्वतत्र रियासते थीं।

राज्य व्यवस्था सनातन धर्म के अनुसार व्यवस्थित चलती रहे, इसके लिये राजा लोग योग्य ब्राह्मणो को अपने राज्य मे निवास हेतु प्रयास करते रहे, नि स्पृह ब्राह्मण अपने धर्म कर्म की रक्षा हेतु प्राय तटस्थ रह कर राजा एव प्रजा के मध्य समन्वय बनाते रहे। प्रजा को शिक्षा दिया कि राजा मे सम्पूर्ण देवताओ का वास है ''**सर्व देवमयो नृप** ''। तथा राजा को उपदेश दिया कि जो राजा कर लेकर प्रजा की रक्षा नहीं करता वह प्रजा के पाप का भागी होता है–

''**करहारोऽघमत्ति**'' इस प्रकार राजा प्रजा के मध्य ब्राह्मण सेतु का कार्य करता रहा। जिससे समाज समृद्ध सुखी अनुशासित बना रहा।

राप्ती नदी के किनारे भेडी गाव अवस्थित है। एक शुक्ल परिवार समाज के भीड से अलग रहकर तपस्या रत था। कुटुम्ब के बढने पर, किवदन्ती के अनुसार गोपालपुर के राजा जन्माष्टमी के अवसर पर तथा पर्व पर भेडी वकरुआ से लोगो को अपने यहा आमन्त्रित करते थे। बरसात मे उनके आने जाने की कठिनाई का अनुभव कर के वह अपने राज्य मे बडहल गंज के दक्षिण "मामखोर–खखाइचखोर" नाम से प्रसिद्ध गाव रहने के लिये दे दिया। भेडी गाव से आकर कुछ लोग यहा वस गये। शुक्ल वश के प्रतिष्ठित ब्राह्मणो का अयोध्या से पूरब कुआनो और आमी नदी के निकट आज भी मुण्डेरा, महसो आदि गाव प्रसिद्ध है। जहा आज भी पक्ति पावन लोग हैं। कालचक्र से उनकी सख्या सिमटती जा रही है।

ग्रथकार का परिचय

सुख–सुविधा के लिय काल के प्रभाव से मामखोर से एक परिवार गोरखपुर के उत्तर भटहट के निकट जौरहर गाव मे जाकर वस गया। वहा पर्याप्त भूमि थी तथा धीरे धीरे वह परिवार व्यवस्थित हो गया।

एक समय अनावृष्टि के कारण अकाल पड गया। चोर डाकुओ का उपद्रव बढ गया। परस्पर कलह का वातावरण उत्पन्न हो गया वहा से अन्यत्र जाने की इच्छा कुछ लोगो की हुई। उन्ही दिनो मे गोरखपुर के दक्षिण बढया पार रियासत अपने शक्ति व समृद्धि मे प्रसिद्ध था। बढयापार के पश्चिम दुबे लोग रहते रहे जो विवाह हेतु जोरहर तक चले गये। अपने प्रभाव से प्रभावित कर के एक लडके के पिता को कन्या के विवाह हेतु राजी कर लिया। किवदन्ती के अनुसार वह कन्या पर्याप्त धन लेकर जौरहर पहुची तो गाव के लोग नीचा दिखाने के लिये जाति से उसे बहिष्कृत कर दिया तथा साथ खाना पीना बद कर दिये। कन्या के पिता द्विवेदी जब अपनी लडकी के वहा गये– तथा गाव मे उसकी उपेक्षा देखा तो अपने दामाद व लडकी को साथ लेकर चले आये। वे बढयापार राजा के मत्री एव पुरोहित थे। उनके कहने पर राजा ने बढयापार के पूरब का इलाका उन्हे दे दिया। सहुआ गाव तरैना नदी के समीप विशाल आम एव महुआ कटहल आदि अमराइ से परिपूर्ण था, सुखपूर्वक वह परिवार यहा बस गया तथा तपस्या के लिये सम्पूर्ण सुविधा थी। विद्वत्ता के कारण तथा आचार विचार की शुद्धता से सभी लोगो मे इनका प्रभाव बढता गया।

मुसलमान तथा अग्रेजो के आक्रमण से बढयापार स्टेट भी प्रभावित हुआ। इस रियासत मे ओझा वश के ब्राह्मण पहलवान तथा लाठी चलाने मे कुशल रहे। राजा उनके शौर्य से प्रभावित होकर चौदह गाव उन्हे दे दिया यह उपमन्यु गोत्रीय करैली ओझा कहे जाते हैं। मलाव–डडिहल्थ रामडीह, हर्रैंडाड जगन्नाथपुर आदि गाव प्रसिद्ध हैं। इसी प्रकार राजा के सहयोगी द्विवेदी भी चौदह गाव मे बिखरे हैं।

ग्रन्थकार का सक्षिप्त परिचय–

राजा ने जौरहर से आये हुये शुक्ल वश के लोगो के लिये बारह गाव दे दिया। जो सहुआ, पोरवरहवा, इमलीडीह, लालपुर, सुकुलपूरी, कैथवलिया, ढेबरा तथा सुकुलपुरा, नगहरा, असौंजी, रघुनाथपुर, केशवपुर है। यही १२ गाव जौरहर गाव से आने के कारण जौरहर सुक्कुल नाम से प्रसिद्ध है।

आज इनकी शाखा विभिन्न स्थानो पर फैल गयी है। पहले इनमे पक्ति थी। धीरे धीरे पक्ति हटती गयी। गुरु परम्परा का वर्चस्व आज भी विद्यमान है। इस वश की शिष्य परम्परा मध्यप्रदेश तक फैली है। प्रतापगढ, जौनपुर, फैजाबाद

मे तथा गोरखपुर कमिश्नरी के चतुर्दिक कृष्ण भक्ति का प्रचार प्रसार इस वशज के द्वारा हो रहा है।

इसी वश परम्परा मे **'स्मृति सिद्धात चन्द्रिका'** के लेखक **श्री इन्द्रदत्त जी** (१८६० ई के आसपास) लालमणि सुकुल के चतुर्थ पुत्र हुये। लगभग सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध मे इनके पितामह श्री मोहन लाल जी के पितामह या प्रपितामह जौरहर से बढयापार राज्य मे आये थे। ग्रथकार ने पुस्तक के अत मे अपने पिता तथा प्रपितामह का नामोल्लेख किया है– **श्री मोहनलाल तनूजेन श्री लालमणि सुकुल सुनूना इन्द्रदत्त सुकुल उपाध्यायेन विरचितम्।।**

सम्वत् २००८ मे मेरे पिता श्री प सत्यनारायण ने मुझे इस **स्मृति सिद्धान्त चन्द्रिका** के जीर्णोद्वार हेतु आदेश दिया। प्राचीन हस्तलिखित पाण्डुलिपि मे प्राप्त वह ग्रन्थ पूर्ण रूप से मेरे लिये पठनीय नहीं था। इसलिये पिता जी स्वय बोलते रहे, और मैंने पाण्डुलिपि तैयार किया। समय के चक्र मे उस पुस्तक की कोई भी दूसरी पाण्डुलिपि अब उपलब्ध नहीं है। पिता जी के इच्छा की पूर्ति तथा अपने कुल के कृति की रक्षा हेतु इसे प्रकाशित कराने की भावना मुझ मे उत्पन्न हुई। लगभग ४५ वर्ष के अन्तराल हो जाने के कारण मेरी पाण्डुलिपि के भी यत्र तत्र जीर्ण शीर्ण हो जाने से प्रकाशित कराने मे कठिनाई उत्पन्न हुयी। परन्तु धर्म शास्त्र का अनुशीलन करके डा पद्मावती के सहयोग से उसे प्रकाशित करने योग्य बनाया गया। इस पाण्डुलिपि के प्रकाशन मे डा रजनी कान्त शुक्ल का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

वश परिचय

पूर्व मे वर्णित है कि गोरखपुर से उत्तर अवस्थित जौरहर गाव से बढयापार राजा के मत्री या पुरोहित के दामाद के रूप में एक परिवार आया। सहुआ गाव मे प्रथमत लोग रहे। किवदती के अनुसार कुछ लोग पश्चिम कडसहरा होकर अन्य गावो में जाकर फैल गये।

सहुआ मे जिस परिवार का सबध इस वश से था उनमे पुस्तक के लेख के अनुसार तथा जनश्रुति के आधार पर श्री मोहन लाल जी के दो पुत्र का नाम आता है ज्येष्ठ श्री आनन्द मणि तथा कनिष्ठ श्री लालमणि जी हुये। श्री आनन्द मणि जी के वशज बढयापार के आस पास इमलीडीह, ढेबरा, लालपुर, सहुआ, पोखरहवा आदि मे रह गये। श्री लालमणि जी की तपस्या के प्रभाव से चार पुत्र चार फल की भाति हुए। जिसमे यज्ञदत्त जी ज्येष्ठ थे। उस समय के परिस्थिति के प्रभाव से वह यहा से अध्ययनार्थ अयोध्या चले गये, योग्य विद्वान होकर वहा अध्यापन भी कुछ समय तक किये। कनिष्ठ पुत्र श्री इन्द्रदत्त जी जिन्होने **स्मृति सिद्धांत चन्द्रिका**, उस समय के लिये दुर्लभ मौलिक ग्रथ की

रचना किया। वह बचपन मे ही काशी चले गये। वहा से विन्ध्याचल कुछ समय रहकर देवी की कृपा प्राप्त कर लिए। श्री कृष्ण के चरणो मे भक्ति एव देवी की कृपा से उनकी प्रसिद्धि सर्वत्र हो गयी। पिता जी कहते थे कि जगन्नाथ पुरी तथा वृन्दावन धाम मे श्री इन्द्रदत्त जी मध्याह्न काल मे पहुचे। वे प्रात से ही दर्शन की उत्कण्ठा से बिना जल पीये चलते रहे। जिस समय मन्दिर के सामने पहुचे दरवाजा बद था। पुजारी ने कहा ४ बजे तक प्रतीक्षा कीजिये। अभी मदिर नही खुलेगा। इनके साथ अन्य दर्शनार्थी भी उत्सुक निराश खिन्न दर्शन हेतु व्यग्र थे। वह एक चमत्कार ही था। भाव विभोर होकर इन्होने प्रभु को आर्तभाव से पुकारा, मदिर का फाटक खुल गया। सभी लोग भाव विह्वल होकर दर्शन कर के कृतकृत्य हो गये। श्री इन्द्रदत्त जी के इस प्रभाव पूर्ण चमत्कार को देखकर विभिन्न दर्शक वृन्द अपने वहा बुलाकर उनसे दीक्षा ग्रहण कर लिये।

इसी प्रकार विजय नगर स्टेट होकर विन्ध्याचल से आ रहे थे। राजा के दरबार मे प्रतिपद् तिथि को देवी की कृपा से चन्द्रदर्शन करा दिया, क्योकि इन्होने कह दिया था कि द्वितीया तिथि है। अन्य लोगो ने जब पञ्चाग, का उदाहरण प्रस्तुत किया तो इन्होने देवी का स्मरण किया। परिणाम स्वरूप इनका सम्मान रह गया। इसी चमत्कार से प्रभावित होकर विजयपुर राजा ने कई गाव कर मुक्त माफी के रूप मे इन्हे दिया था। जमींदारी उन्मूलन के पूर्व तक हम लोगो के अधीन वे गाव थे। गगा के किनारे छनवर ताल के निकट झिलवर, नीबी आदि गाव हैं।

प्रयाग के दारागज मे भी नगहरा के लोगो का आज भी मकान है जहा **श्री इन्द्रदत्त जी महाराज के गौरव गाथा एव कीर्ति का प्रमाण है।**

जनश्रुति है कि श्री यज्ञदत्त जी अयोध्या से अपने जन्म भूमि पर आये। बढयापार के दक्षिण दूबे लोगो का गाव हरपुर तथा राय लोगो का गाव हरदतपुर है। उनके वैदूष्य एव कर्म काण्ड से प्रभावित होकर दोनो गाव के मध्य ६० बीघा की आराजी उन्हे लोगो ने दे दिया। इस प्रकार श्री यज्ञदत्तजी लगभग १८६० सम्वत् के आसपास सुकुल पूरा गाव को बसाये तथा अपने पैतृक भूमि सहुआ से भी सबध बनाये रहे। कहा जाता है कि इमलीडीह मे तथा बढयापार मे रहने वाले अपने बन्धु वर्ग के परामर्श पर उस समय बढयापार रियासत से पिडरी गाव को बतौर रेहन ले लिया था। आगे चलकर इमलीडीह के अपने बन्धु को ८० बीघा दे दिया। उनके अधिकार में २०० बीघा था। जिसे इनके चार पुत्रो ने परस्पर बाट लिया। आज भी पिडरी मे सुकुल पूरा के लोगो का ही अधिकार है। कुछ लोग अपना हिस्सा बेच दिये।

जनश्रुति के आधार पर यह मालूम हुआ कि लखनऊ नबाब के वहा विद्वानो

का सम्मेलन हुआ। वहीं श्री यज्ञदत्त जी तथा श्री इन्द्रदत्त जी परस्पर शास्त्रार्थ किये। सहोदर होते हुये भी एक दूसरे को नहीं जानते थे। क्योकि श्री इन्द्रदत्त जी बाल्य काल मे ही घर से चले गये थे। परस्पर परिचय होने पर गले मिले। श्री यज्ञदत्त जी उन्हे लिवाकर आये। **सुकुल पुरा के दक्षिण नगहरा गाव उन्हे राय लोगो ने दे दिया।** यह स्थान ताल के किनारे एकान्त जन सम्मर्द से रहित है। यहीं रहकर **श्री इन्द्रदत्त जी** श्री कृष्ण की उपासना मे रत हो गये। आज तक प्रतिवर्ष कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से यहा मनाया जाता है।

श्री लालमणि जी के द्वितीय पुत्र केशवदत्त कुआनो नदी के तट पर केशवपुर नामक गाव बसाकर रहने लगे। परन्तु इस समय वहा इस वश की परम्परा नहीं चल रही है। तृतीय पुत्र ठाकुरदत्त तरैना नदी के तट पर रघुनाथपुर नाम से गाव बसाकर अवस्थित हो गये।

लोक प्रसिद्धि के दृष्टिकोण से नगहरा, असौजी, सुकुलपूरा अधिक यशस्वी रहा। पूर्वज लोग अपने दरवाजे पर ही विद्यालय की स्थापना कर के शिक्षा का प्रसार करते रहे, सरस्वती एव लक्ष्मी दोनो का यहा निवास था। कुटुम्ब के लोगो के नाम करण से ही विदित होता है कि देवी के तथा श्रीकृष्ण के यह लोग परम भक्त थे। श्री यज्ञदत्त जी के ४ पुत्र थे– (१) शीतल प्रसाद (२) वेनी प्रसाद (३) गगाप्रसाद (४) भवनदत्त।

शीतल प्रसाद जी के पुत्र गौरीदत्त विद्वान तथा देवी के कृपा पात्र थे, दूर दूर तक उनके शिष्य गण आज भी हैं।

श्री वेनी प्रसाद जी के पुत्र श्री शिवदत्त जी उनके पुत्र श्री कमलाकान्त जी तेजस्वी तथा प्रखर प्रतिभा सम्पन्न थे। अपने प्रभाव से उस समय उन्होने चतुर्दिक कीर्ति पताका फहराने के साथ साथ भूमि–भवन का विस्तार किया। समस्याओ के निवारण हेतु आसपास के लोग उनसे परमर्श लेते थे। उनके एक भाई श्री लक्ष्मीकात थे, जिनकी मात्र एक लडकी थी। श्री कमलाकान्त जी के श्री सत्यनारायण श्री याज्ञवल्क्य व श्री गणपति तीन पुत्र हुये। श्री कमलाकान्त जी गाव के पूरब बाग मे विशाल 'ठाकुर द्वारा' का निर्माण करा रहे थे, पिता जी कहते थे कि "मैंने उन्हें मना किया कि इस दिशा मे निर्माण कराने से हानि होगी या तो पुत्र नहीं रहेगा या स्वय को हानि होगी परन्तु स्वाभिमानी वह अपने ही पुत्र की बात क्यो मानते। परिणाम स्वरूप तृतीय पुत्र श्री गणपति जी का अकाल मे निधन हो गया। स्वय भी लगभग ६१ वर्ष की अवस्था मे वह दिवगत हो गये। तब से पिता जी पर पूर्ण भार आ गया जो विरोध उत्पन्न करके उनके पिता गये थे उसका सामना पिता जी ने बडे कौशल से किया। जनपद मिर्जापुर व बस्ती तक जमीन बढाया तथा उन पर

विन्ध्यवासिनी देवी की विशेष कृपा थी। उनकी भविष्यवाणी सत्य होती थी। आज भी उनके शिष्य गण चर्चा करते हैं। अपने वैदुष्य सिद्धि व इष्ट बल के प्रभाव से विन्ध्याचल के दक्षिण से लेकर तराई के उत्तर तक उन्होने जमीन का तथा शिष्यों का विस्तार किया। श्री प सत्यनारायण जी के पाच पुत्र हुये। श्री वैजनाथ जी तथा श्री विन्ध्याचल श्री आद्या प्रसाद, रामचन्द्र व दुर्गा प्रसाद। पाच पुत्रो मे श्री विन्ध्याचल की वश परम्परा नहीं चली, उनकी दो पुत्रिया थी।

श्री वेजनाथ सुकुल के पुत्र भैरो प्रसाद, पौत्र रमेश सुकुल हुये।

श्री इन्द्रदत्त जी के नन्दकिशोर तथा गोपाल शरण दो पुत्र हुये। इनके नाम से ही श्री इन्द्रदत्त जी महाराज की कृष्ण भक्ति जानी जाती है। श्री नन्दकिशोर जी के क्रमश १– श्री गोविन्दशरण २– श्री राधारमण ३– श्री श्याम सुन्दर ४– श्री कान्त ५– श्री रेवतीरमण, पाच पुत्र हुए।

श्री गोविन्दशरण असौंजी गाव मे अवस्थित हो गये। श्री कान्त जी को मात्र १ लडकी थी, जिसका विवाह दुबे के वहा कर दिया उससे वश नहीं चला। पति के दूसरी पत्नी से उत्पन्न सन्तान नगहरा मे अवस्थित हैं।

श्री गोपाल शरण जी के पुत्र श्री मनमोहन जी उनके पुत्र श्री चन्द्रिका उनसे श्री बलदेव श्री राम प्रसाद तथा श्री माधव प्रसाद हुये। श्री राम प्रसाद जी के श्री निवास आचार्य, लक्ष्मी निवास आचार्य विद्यमान हैं। श्री निवास से श्री गर्भ जी तथा प लक्ष्मी निवास के श्री भूगर्भ एव पृश्निगर्भ है। श्री इन्द्र दत्त जी के द्वितीय पुत्र गोपालशरण जी के द्वितीय पुत्र लाल विहारी जी हुये। उनके वेणीमाधव उनसे तीर्थराज, श्री तीर्थराज से श्री रमाकान्त उनके ५ पुत्र विद्यमान हैं। श्री लक्ष्मीकात, श्री गोपीकान्त, श्री कमलाकान्त, श्री मार्कण्डेय, श्री उमाशकर। आज भी नगहरा एव सुकुलपुरा मे विद्वानो की परम्परा विद्यमान है। नगहरा मे प आचार्य श्री निवास जी, प लक्ष्मी निवास जी एव श्री अवधेश जी विद्वान होने के साथ साथ आचार निष्ठ कर्म निष्ठ ब्राह्मण हैं। आज भी दूर दूर तक इनकी ख्याति है।

श्री प यज्ञदत्त जी स्वय अपने समय के उद्भट् विद्वान थे उनके पुत्र श्री गगाप्रसाद भी विद्वान थे। स्वय अपने दरवाजे पर विद्यालय की स्थापना कर के विद्या दान करते थे। गगा प्रसाद जी के शिवप्रसन्न एव शिवहर्ष जी दो पुत्र थे शिवप्रसन्न के गुरुचरण उनके शिवपूजन उनसे प ललितेश्वर प अनिरुद्ध व पद्मनाभ शुक्ल हुये। श्री अनिरुद्ध जी व्याकरण व आयुर्वेद के विशिष्ट विद्वान है। इस समय वे गोरखपुर के उत्तर सिसवा में सपरिवार बस गये।

श्री शीतल प्रसाद के परम्परा में श्री गौरीदत्त जी विद्वान एव श्री जगदम्बा के कृपापात्र थे उनकी परम्परा मे श्री प विश्वनाथ आचार्य व प रघुनाथ जी

आचार्य हुये।

ऊपर लिखा जा चुका ह कि श्री मोहन लाल जी के पुत्र लालमणि जी के चार पुत्र थे। श्री यज्ञदत्त जी सुकुलपूरा जो रामडीह के पश्चिम मे है, बस गये। श्री इन्द्र दत्त जी नगहरा मे, ठाकुर दत्त जी तरैना नदी के निकट रघुनाथपुर नाम के गाव मे रह गये। यह सभी लोग नदी एव तालाब की सुविधा के अनुसार बसे थे। श्री लाल मणि जी के ज्येष्ठ भ्राता श्री आनन्द मणि थे– उनके दो पुत्र श्री देवदत्त तथा गनेश दत्त सुकुल हुये। इन लोगो के वशज सहुआ, इमलीडीह, बढयापार, पोखरहवा, लालपुर, ढेवरा, सुकुल पुरी महुई के उत्तर तथा कैथवलिया मे अपना विस्तार किये हैं जो प्रसिद्ध हैं।

प्राप्त विवरण के अनुसार श्री देवदत्त जी के तीन पुत्र थे। तथा श्री गनेश दत्त सुकुल के छ पुत्र थे। श्री रामाश्रय सुकुल, श्री हरिनरायन सुकुल, श्री ईश्वर दत्त सुकुल श्री नारायण दत्त सुकुल, श्री किशन दत्त एव श्री गगादीन सुकुल। श्री हरिनारायन जी के त्रिभुवन सुकुल उनसे नकछेद सुकुल उनसे यमुना तथा सरजू दो पुत्र हुये। श्री जमुना सुकुल के जर्नादन, विद्याधर, भोलानाथ के वशज लालपुर मे स्थित हैं।

अपने पूर्वजो के सदाचार एव विद्वता से प्रभावित होकर लालपुर के लोग सुकुलपूरा मे दीक्षा लेकर अपने ही पितामह आदि को गुरु बना लिया। इसी प्रकार महुई के उत्तर अवस्थित सुकुलपूरा के लोग श्री इन्द्रदत्त जी के वशजो से नगहरा मे जाकर दीक्षा ग्रहण कर लिया है।

इस प्रकार सुकुलपूरा विद्वानो की खान थी। क्षेत्र के लोग धर्मशास्त्र सबधी निर्णय हेतु यहीं आते रहे हैं।

इस समय राम चन्द्र शुक्ल आचार्य व दुर्गाप्रसाद रामडीह मे रह रहे हैं। जिनके वशज शिक्षा, चिकित्सा, प्रावधिक क्षेत्र मे कार्यरत हैं।

इस से इस वश परम्परा मे शिक्षा, सदाचार, सत्कर्म तथा सामाजिक प्रतिष्ठा स्वत प्रख्यात है। वश का कालक्रम लगभग इस प्रकार है–

१	श्री यज्ञदत्त	सम्वत् १८४५–१६१५
२	श्री वेनी प्रसाद	सम्वत् १८६५–१६३०
३	श्री शिवदत्त	सम्वत् १८६०–१६५५
४	श्री कमलाकात सुकुल	सम्वत् १६१०–१६७१
५	श्री सत्यनारायण सुकुल	सम्वत् १६३०–२००६
६	श्री रामचन्द्र शुक्ल	सम्वत् १६८८–अब तक
७	श्री देवव्रत शुक्ल	सम्वत् २०१३–अब तक

वश वृक्ष

- श्री यज्ञदत्त सुकुल
  - श्री शीतल प्रसाद
    - श्री गौरी दत्त
      - श्री विन्देश्वरी
        - श्री दशरथ
          - श्री भूलन
            - श्री रघुनाथ
            - श्री प विश्वनाथ
        - श्री अम्मा भगवती
          - श्री रामसुन्दर
          - श्री बिहारी
      - श्री रामदयाल
  - वेनी प्रसाद
    - श्री शिवदत्त
      - श्री प कमलाकात
        - श्री प सत्यनारायण
          - श्री वैजनाथ
            - श्री भैरो शुक्ल
          - श्री विन्ध्याचल
          - श्री आद्याप्रसाद शुक्ल
            - श्री मधुसूदन शुक्ल
            - श्री गिरीश शुक्ल
          - श्री रामचन्द्र शुक्ल
            - डॉ देवव्रत शुक्ल
            - श्री नलिनीश शुक्ल
            - डॉ रजनीकात शुक्ल
            - श्री वाचस्पति शुक्ल
            - श्री रजनीश शुक्ल
          - श्री दुर्गाप्रसाद शुक्ल
            - श्री ब्रजेन्द्र शुक्ल
            - श्री ब्रह्मानन्द शुक्ल
            - श्री नित्यानन्द शुक्ल
            - श्री सत्यानन्द शुक्ल
        - श्री याज्ञवल्क्य
          - श्री कालिका सुकुल
      - श्री लक्ष्मीकात
    - श्री जनक
  - गगा प्रसाद
    - श्री शिवप्रसन्न
      - श्री गुरुचरण
        - श्री शिवपूजन
          - श्री ललितेश्वर
          - श्री अनिरुद्ध
          - श्री पद्मनाभ
    - श्री शिवहर्ष
      - श्री गजाधर
        - श्री रामदेव
  - भवनदत्त
    - श्रीदत्त
      - श्री बलिभद्र
        - श्री महादेव
          - श्री चण्डी
          - श्री यमुना
        - श्री रामअनुग्रह
          - श्री ओरी
    - श्री हरिदत्त
      - श्री भोला
        - श्री रामसेवक
    - श्री मोहनदत्त
      - श्री जगेसर
        - श्री रामजी
          - श्री कृष्ण मुरारी
      - श्री रामकव
        - श्री गनेश

उपसहार -

स्मृति सिद्धात चन्द्रिका की दुर्लभ पाण्डुलिपि के प्रति पिता जी की अपार श्रद्धा थी। वह उसकी रक्षा करने के लिये प्रयत्न शील थे। मै सवत् २००७ मे शास्त्री प्रथम वर्ष मे था तभी उन्होने आदेश देकर तथा स्वय बोलकर मुझ से लिखवाया।

इस समय तो धर्मशास्त्र सम्मत पर्व एव व्रत के सबध मे अनेक ग्रन्थ उपलब्ध है। परन्तु १५० वर्ष पूर्व साधन के अभाव मे **श्री इन्द्रदत्त जी महाराज** ने पुराणो एव स्मृतियो का आलोडन कर के इस ग्रथ की रचना की। जो आज के समय मे भी परम उपयोगी है। इस पाण्डुलिपि की कई लोग अपने हाथ से लिखकर अपने यहा रखे थे और पर्व–उत्सव के सन्देह होने पर इसी के माध्यम से तिथि के कार्यकाल का निर्णय करते थे। शनै–शनै यह पाण्डुलिपि सुरक्षा की असावधानी के कारण प्राय लुप्त हो चली। परतु मेरे पिता जी अन्वेषण कर के इस की एक प्रति श्री प ललितेश्वर जी के वहा से ले आकर लिखवाये वह मूल प्रति आज उनके वहा भी नहीं मिल रही है। ऊपर लिखा जा चुका है कि मेरे पिता जी श्री सत्यनारायण जी धर्मशास्त्र–ज्योतिष, कर्मकाण्ड, तत्र व वास्तु शास्त्र का अभिज्ञान था। वे दैवी प्रतिभा समन्वित थे। श्रीमद्भागवत उनका इष्ट ग्रथ था। उनकी भविष्यवाणी प्राय सत्य होती रही। पिताजी का सस्मरण था–स्वय अपने सबध मे बहुत उन्होने पहले उन्होने बताया कि ७६ वर्ष तक यह शरीर रहेगा। मैं २१ वर्ष का था। शास्त्री व्याकरण से प्रथम वर्ष प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण होकर नवरात्र के अवकाश मे घर आया था।

मेरे पिता जी सम्वत् १६६० के बाद से ही सुकुलपूरा से रामडीह आ गये थे। यही से सम्पूर्ण कार्य देखते थे। इनके ज्येष्ठ पुत्र श्री वैजनाथ जी अलग हो गये तथा श्री आद्याप्रसाद जी सुकुलपूरा मे ही रह गये। मेरी माता श्रीमती अभिराजी का कोई भाई नहीं था। अत हम दोनो भाइयो को साथ लेकर वह रामडीह अपने मायके मे ही रहने लगीं। मातामह के सम्पत्ति के अतिरिक्त मेरे पिता तथा पितामह द्वारा रामडीह मे बैनामा के द्वारा अधिकाश लोगो का हिस्सा, खरीद लिया गया था। इसलिये पिता जी रामडीह मे रह रहे थे।

सम्वत् २००६ अश्विन शुक्ला चतुर्दशी बुधवार का वह दिन आज भी अविस्मरणीय है। केवल चार दिन पिता जी साधारण ज्वर से पीडित थे। दोपहर को जब श्री रामदास ओझा उनसे मिलने आये तो मेरे सामने उन्होने प्रथम बार कहा "अब चली चला है"। दोपहर से रात्रि तक आने वाले लोगो का ताता लगा हुआ था। सबसे प्रसन्न मुद्रा मे बात करते रहे। किसी प्रकार की चिन्ता शोक या मोह उनके मन मे नहीं था। रात्रि मे लगभग ६ बजे उन्होने कहा कि

सब लोग भोजन कर ले। पुन मुझे बुलाकर कहे कि आगन गाय के गोबर से लीप दिया जाय। तथा कुश बिछा दिया जाय। मैं मत्रमुग्ध की भाति सब करता रहा। घर मे छोटे भाई १६ वर्ष की अवस्था मे दुर्गा थे, मा थी और मेरी पत्नी श्रीमती राधिका थी। शेष लोग आते जाते रहे। बडे भाई आद्या दिन मे ही देखकर चले गये थे। अतत १० बजे रात्रि को मेरे ही कन्धो पर हाथ रखकर अपने पैरो से चलकर दालान से आगन मे आये तथा दक्षिण पैर कर के लेट गये। तुलसी व शलिग्राम का जल ग्रहण किये। पैर मे जलन होने लगी तो मुझ से कहे कि देवी कवच का पाठ करते रहो। इस प्रकार पिताजी ने योगियो की भाति शरीर का त्याग पूर्ण स्वस्थ एव देवी का स्मरण करते हुये कर दिया।

इस **स्मृति सिद्धात चन्द्रिका** (तिथि निर्णय) मे व्रत पर्व उत्सव का निर्णय किया गया है। यह तिथि प्रधान ग्रथ है। विभिन्न मास मे आने वाली तिथियो के अनुसार व्रत पर्व उत्सव का निर्णय किया गया है। अनेक पुराणो तथा स्मृतियो से सग्रहीत है। जो उन उन स्थानो पर अपने निर्णय मे स्मृतियो तथा पुराणो का उल्लेख किया गया है। अत में व्रत, उपवास, मलमास, सक्रान्ति तथा ग्रहण विचार का भी विवेचन किया गया है।

इस ग्रथ को प्रकाशित कराकर मैं अपने पिता की हार्दिक भावना का मूर्तिमान रूप देखना चाहता था जो उनके आशीर्वाद का प्रतिफल है।

इससे यदि कोई भी धर्म प्राण व्यक्ति कुछ लाभ उठा सके अथवा अपनी जिज्ञासा के अनुसार समाधान प्राप्त कर सके तो यह प्रयास सफल होगा। इस ग्रंथ के परिशिष्ट मे शुक्रविचार का निर्णय दिया गया है। वधूप्रवेश एव द्विरागमन मे शुक्र का दोष कब माना जाये इसमे मेरे पिता जी की परम्परानुसार यह मत था कि यदि कन्या विवाह मे पति के साथ नहीं जाती है तो १६ दिन के बाद शुक्र का विचार करना आवश्यक है। द्वितीय परिशिष्ट मे व्रत पर्व व तिथि का वर्णन है। इसी के समर्थन मे समीक्षा करते हुये विविध प्रमाण का अनुशीलन कर के विवेचन किया गया है। सुधीजनो के सुझाव एव आशीर्वाद की सदा अपेक्षा रहेगी।

रामचन्द्र शुक्ल आचार्य
अवकाश प्राप्त सस्कृत प्रवक्ता
श्री जगद्गुरु शकराचार्य विद्यालय
मेहदावल, सत कबीर नगर
उत्तर प्रदेश।

पुरोवाक्

मानव जीवन का परम उद्देश्य पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति है जिसमे मोक्षरूपी साध्य का सबसे प्रमुख साधन धर्म है। **धारणात् धर्म इत्याहु धर्मो धारयते प्रजा** इस वचन से स्पष्ट है कि धारण करने के कारण ही धर्म को धर्म कहा गया हे और धर्म भी समाज की सच्ची अवधारणा का मूल है। धर्म के बिना भारतीय सस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती है। धर्म किसी सम्प्रदाय, जाति विशेष का प्रतीक नहीं है अपितु मानवता मात्र का प्रेरक है।

धर्म पूर्वक आचरण करने से ही मोक्ष प्राप्त होता है यह सत्य है जो कि चरम पुरुषार्थ है। इसी आचरण का वाछनीय स्वरूप स्मृतियो, सूत्रो, सिद्धातो, सहिताओ मे प्रतिपादित किया गया है। समय–समय पर आचार्यो, आप्तपुरुषो, विद्वानो ने आचार सहिता के माध्यम से मानव मूल्यो की स्थापना का कार्य किया हे जिससे एकता, अखण्डता, अस्मिता, नैतिकता, विश्वसनीयता आदि मूल्यो की रक्षा होती है। यह तथ्य **'धर्मो रक्षति रक्षित'** इस महावाक्य द्वारा स्वय पुष्ट हो जाता है। भगवान् श्री कृष्ण ने गीता मे कहा है–**चातुर्वर्ण्यं मया सृष्ट गुणकर्मविभागशः।** अत समाज किसी वर्ग विशेष का नाम नहीं है। समाज के सभी वर्णों के द्वारा जो व्यवस्था आदृत हो, मान्य हो ऐसी ही व्यवस्था को चिन्तको, साधको ने धर्म के रूप मे मान्यता दी है। गौतम धर्मसूत्र, मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति, पाराशर स्मृति आदि अनेकार्ष ग्रन्थो मे धर्म के सम्बन्ध मे विस्तृत विचार प्रस्तुत किये गये हैं। मनीषी तत्त्व चिन्तक इसी परम्परा को निरतर आगे बढाते रहे हैं।

धर्म पालन करने मे काल, तिथि तथा मुहूर्त का अत्यधिक महत्त्व है। शास्त्रकारो का दृढ मत है कि क्रियमाण कार्यो एव करने वाले साधक को अपनी कुशलता एव कार्यो की सफलता के लिए तिथि, काल, लगन एवम् नक्षत्र आदि के सुयोग का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु आज से लगभग एक सो पचास वर्ष पूर्व हमारे पूर्वज गर्गवश शिरोमणि स्वनाम धन्य स्व० प० श्री इन्द्र दत्त शुक्ल जी महाराज ने **स्मृति सिद्धान्त चन्द्रिका** (तिथि–निर्णय) नामक ग्रन्थ की रचना की थी जिसके माध्यम से तत्कालीन समाज के लोग धार्मिक कृत्यो के सम्बन्ध मे व्रत, पर्व, त्यौहार आदि का निर्णय करते थे। उस समय प्रकाशन की व्यवस्था न होने से विद्वान् वशज पुस्तक की हस्तलिखित

प्रतियॉ तैयार करवाकर परम्परा की रक्षा तथा पाण्डुलिपि की सुरक्षा करते आ रहे थे। इस पाण्डुलिपि की मात्र एक ही प्रति मेरे पितामह प० श्री सत्यनारायण शुक्ल जी के पास थी जिसकी सहायता से वे भी श्रद्धालुओ को धार्मिक अनुष्ठान, व्रत, पर्व, तिथि आदि के विषय मे व्यवस्था देते रहे। पाण्डुलिपि काफी पुरानी होने से क्षीण हो रही थी इस बात को ध्यान मे रखकर पितामह ने मेरे पिता को वि० स० २००८ मे प० श्री रामचन्द्र शुक्ल को पाण्डुलिपि की रक्षा का दायित्व सौंपते हुए अपने निर्देशन मे मूल प्रति से दूसरी प्रति तैयार करवायी।

प० श्री रामचन्द्र शुक्ल काशी की परम्परा मे शास्त्रीय विषयो के अध्ययन के पश्चात् सस्कृत महाविद्यालय सोहगौरा, गोरखपुर तथा जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इन्द्रपुर गोरखपुर मे अध्यापक के रूप मे कार्य किए तत्पश्चात् श्री जगद् गुरू शकराचार्य विद्यालय इण्टर कालेज मेहदावल, सन्त कबीर नगर मे सस्कृत प्रवक्ता पद पर १९९३ तक कार्य किये। इसके अनन्तर भारत सरकार की स्वायत्त सस्था राष्ट्रिय सस्कृत सस्थान नई दिल्ली की शास्त्र चुडामणि योजना के अन्तर्गत सम्मानित आचार्य के रूप मे श्री सनातन धर्म सस्कृत महाविद्यालय मुक्तीश्वरनाथ हॉसूपुर गोरखपुर मे शास्त्रीय विषयो का अध्यापन कार्य करने लगे। यही समय उपयुक्त जानकर उन्होने पितामह से प्राप्त न्यास के प्रकाशनार्थ पाण्डुलिपि का समग्र आलोडन करके एव विविध धर्मशास्त्रो का अनुशीलन करके तथा मूल ग्रथ स्वरूप की रक्षा करते हुए मुद्रणार्थ प्रति तैयार की। आदरणीय लेखक के वश की शाखाए वर्तमान मे विविध स्थानो पर निवास कर रही हैं प्राय उन सभी स्थानो पर जाकर उन्होने वशवृक्ष के स्वरूप का विस्तृत विवेचन एकत्र कर भूमिका मे प्रस्तुत किया है।

यह सस्कृत पाण्डुलिपि मुद्रणोपरान्त जन सामान्य तक पहुँचे इस दृष्टि से मूल सस्कृत ग्रन्थ के साथ स्वर्गीया दादी अभिराजी की स्मृति मे पिताजी ने अभिज्ञा नाम से हिन्दी व्याख्या रची, जिसका प्रकाशन मूल ग्रन्थ के साथ किया जा रहा है।

सनातन धर्म के प्रति निष्ठा एव धार्मिक प्रवृत्ति के कारण उनकी समाज मे विशेष प्रतिष्ठा है। तथा ये ज्योतिष, धर्मशास्त्र, कर्मकाण्ड के विद्वान हैं। आज भी पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक उत्सव हो तो जिज्ञासु जन श्रद्धावश आकर शास्त्रीय व्यवस्था की प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करते हैं। आज के विकसित समाज मे कन्या की विदाई एव व्रत, पर्व महत्ता के विषय मे कुछ भ्रान्तिया हैं। इस तथ्य को ध्यान मे रखकर उन्होने प्राचीन परम्परा की रक्षा के लिए द्विरागमन विमर्श, (कन्या की विदाई मे शुक्र विचार) एव व्रत, पर्व और तिथि की महत्ता

का शास्त्रीय प्रमाणो के साथ विवेचन भी प्रस्तुत किया है जिसे परिशिष्ट के रूप मे प्रकाशित किया जा रहा है।

स्व० प० श्री इन्द्रदत्त शुक्ल द्वारा प्रणीत **स्मृति सिद्धात चन्द्रिका** (तिथि-निर्णय) के इस पाण्डुलिपि के प्रकाशन मे मूल कारण पितामह की सत्प्रेरणा एव पिताजी की सत्सकल्पना का यह वशवृक्ष सदैव ऋणी रहेगा।

भारतीय सस्कृति एव सस्कृत के सरक्षक विविध सस्थाओ के सस्थापक धर्मशास्त्र एव मीमासा के परम्परानुमोदित लब्ध प्रतिष्ठित विद्वान् एव सम्पूर्णानन्द सस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति डा० मण्डन मिश्र जी ने इस पुस्तक के लिये जो अनुशस्ा लिखने की कृपा की है हम इसे अपना गौरव मानते है। एतदर्थ अत्यन्त प्रणत भाव से मैं अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

विविध विद्या निष्णात एव अनेक भाषाओ के ज्ञाता लब्धप्रतिष्ठ सस्कृत के मूर्धन्य विश्वविश्रुत विद्वान तथा हिन्दी के अग्रणी साहित्यकार आचार्य विद्यानिवास मिश्र ने अनेक कार्यो मे व्यस्त रहते हुए भी अमूल्य समय निकालकर पुस्तक की समीक्षा की है अत उनकी इस कृपा के लिए मैं अत्यन्त कृतज्ञ हूँ।

सपूर्णानन्द सस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के व्याकरण विभाग के पूर्व (आचार्य एव अध्यक्ष) तथा राष्ट्रपति सम्मानित विद्वान् प० श्री रामयत्न शुक्ल ने इस ग्रन्थ की महत्ता पर जो प्रकाश डाला है एतदर्थ सपादक आचार्य श्री का अनुग्रहीत है।

इस ग्रन्थ की पाण्डुलिपि तैयार करने मे मेरी आदरणीया विदुषी वहिन डॉ० श्रीमती पद्मावती त्रिपाठी, प्राध्यापिका, श्री सनातन धर्म सस्कृत महाविद्यालय मुक्तीश्वर नाथ हॉसूपुर गोरखपुर का सक्रिय सहयोग रहा है, जिसके लिए मैं विदुषी वहिन के प्रति हृदय से आभारी हूँ।

मैं इस पावन कार्य मे पारिवारिक सदस्यो, गुरुजनो, विद्वान परामर्शको आदि से प्राप्त सहयोग के प्रति नतमस्तक हूँ।

प्रस्तुत पुस्तक का मुद्रण कार्य बडी ही निष्ठा व लगन से पकज प्रिन्टर्स मौजपुर, दिल्ली ने किया है अत वे विशेष रूप से धन्यवाद के पात्र हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ प्राचीन भारतीय सस्कृति की आत्मा धर्म का प्रतिपादक है। यह न्यास पाठकों के समक्ष प्रस्तुत है। यदि जिज्ञासु विद्वान् व धर्म प्राण जनता लेश मात्र भी इस पुस्तक से लाभान्वित हो तो यह प्रयास सफल व सार्थक होगा। गर्ग वश का यह न्यास पुस्तक स्वरूप भवानी विश्वनाथ के चरणो मे सादर

समर्पित है–

श्रीन्द्रदत्तेन संदृब्धैः धृतैः नारायणेन वै।
शोधितैः रामचन्द्रेण साभिज्ञेति सुटीकया।।
राधिकारामयोः सूनुः गर्गवंशप्रदीपकैः।
ग्रन्थाब्जैः स्तौति पादाब्जं, भवानीविश्वनाथयोः।।

बसन्त पचमी
वि० स० 2057
29 जनवरी 2001

रजनीकान्त शुक्ल

प्राध्यापक–शिक्षाशास्त्र
राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ,
(मानित विश्वविद्यालय)
तिरुपति–517507 आन्ध्र प्रदेश

मंगलाचरणम्

सजलजलदनीलश्चूर्णकर्चूरचैल-
श्चिकुररुचिकपोलश्शीर्षतापिच्छचूडः।
शरदजलजनेत्रः कोऽपि बालो हृदीतात्
पुटकरटनकार्यो नूपुरो वेणुवेत्री।।

श्री कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्

व्याख्याकर्तु मगलाचरणम्

श्री गणेश नमस्कृत्य देवीं वाग्देवता गुरुम्।
लिख्यते रामचन्द्रेण श्रीन्द्रदत्तकृता स्मृति ।।
पित्रादिष्टाशिषा तस्य प्रकाशपथमागता।
ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे त्रयोदश्यादिवासरे।।
वसुशून्यद्वये पक्षे (२००८) पूर्व सग्रथिता यथा।
श्रद्धालु–सुखबोधाय टिकितस्तिथिनिर्णयः।।

अन्वय – सजल जलदनील चूर्णकर्चूरचैल, चिकुररुचिकपोल शीर्षतापिच्छचूड, शरदजलजनेत्र, नूपुरो वेणुवेत्री, कोऽपि बाल पुटकरटनकार्य हृदीतात्।

सजलजलदनील- जलेन सहित सजल = जलपूर्ण जल ददाति= वृष्ट्या लोक सिञ्चति, जलद पयोद। सजल जलद इव नील शरीर यस्य स। सजल जलद नील = वर्षर्तौ सान्द्र पयोदस्य जलमय मेघस्य छटा इव नील वर्ण श्री बाल कृष्ण।

चूर्णकर्चूरचैलः = चूर्णं कर्चूरस्य, तद्वत् पीत चैल वस्त्रं यस्य स, चूर्णकर्चूरचैल। कर्चूर = लोके कचूर इति प्रसिद्धौषधि। यथा कर्चूरचूर्ण, पीतवर्णं भवति, तद्वत् पीतवर्णं वस्त्र शोभते।

उक्तञ्च श्रीमद्भागवते – **पीताम्बरं, सान्द्रपयोदसौभगम्।**

चिकुररुचिकपोल· = चिकुरै केशै = कुञ्चितकेशै सुशोभित रुचि = आकर्षक '= आह्लादकारी कपोल- यस्य स रुचिर रुचिकपोल = कुञ्चितकेशावृत अतिशय मनोज्ञ हृदयहारी अद्भुत कपोलपूर्ण-।

शीर्षतापिच्छचूड· शीर्षस्य भाव शीर्षता = उच्चता, अथवा शीर्षभागे स्थिता या पिच्छस्य कान्ति तया शोभिता चूडा यस्य, स शीर्षता पिच्छचूड। काकपच्छ मध्य शिरोभागे चूडा (चोटी) शिखा मयूरपक्षशोभिता, हरति हृदयम् बाल शिरोभागे उभयतो लम्बमाना केशा कपोलाच्छादका काकपच्छ शब्द वाच्या । श्रीबालकृष्णस्य शिरसि रचिता मयूरपिच्छान्विता उर्ध्वभागे स्थिता चूडा (चोटी), कान्तिमयी कस्य हृदय नाकर्षति। उक्तञ्च श्रीमद्भागवते **'वर्हापीडम्' ''विभ्रद्वास कनककपिश''।**

शरदजलजनेत्र शरद ऋतौ जलाशये जात पद्म इव नेत्रे यस्य स । तदुक्तम् श्रीमद्भागवते **'तमद्भुतम् वालकमम्बुजेक्षणम्। शरदुदाशये साधु जात सत् सरसिजोदर श्री मुषादृशाः इति गोपीभिरुक्तम्।**

नूपुरो वेणुवेत्री = नूपुर = पादालङ्कृतभूषण वेणुवेत्री तेन शोभित वेणु वाद्यविशेष, वेत्रम् अस्ति अस्य वेणुवेत्री = वेत्र करतलधारी नूपुराभरणशोभालङ्कृत ।

कोऽपि बालः = वर्णनातीत, अनिर्वचनीय, अद्भुत बाल अनुभवानन्दरुप ।

पुटकरटनकार्यः = पुटकेहृत्सम्पुटे, रटनकार्य इति रटनीय स्मरणीय, यद् वा करपुटकेन जपनीय । अथवा खेचरी मुद्रया उपाशुना मुखसम्पुट स्थितया रसनया शनै शनै कीर्तनीय पुन पुनरभ्यसन रटनम्। श्रीकृष्ण एव रटनकार्य ।

हृदीतात् = हृदि हृदये इतात् समागम्यात् वा तिष्ठतात् अथवा प्रार्थ्यते यद् बालच्छविधारी श्री कृष्णो मन्मनसि सदा गोचरी भवतु। इति

अभिज्ञा : बाल रूप धारी श्री कृष्ण चन्द्र मेरे हृदय मे निवास करे। उनकी शोभा अवर्णनीय है। वर्षा ऋतु मे जल से परिपूर्ण बादल के समान उनकी शरीर नीलवर्ण है। उनके शरीर पर सुशोभित वस्त्र कचूर के चूर्ण समान पीले वर्ण का है। सुन्दर उन्नत मासल, मसृण कपोल, कुञ्चित (घुघराले) केशा से सुशोभित है। माता के द्वारा लम्बे–लम्बे केशों की चोटी बनाकर शिर के ऊपर चोटी मे मयूर पख का लगा हुआ सुन्दर मुकुट अथवा ऊचा शिर पर मयूर पख सुशोभित हो रहा है। ऐसी अद्भुत छटाधारी श्री कृष्ण मन और वाणी से परे योगी ध्यानगम्य भक्तिवश्य मेरे मन मे दृष्टिगोचर होवे।

तिथि-निर्णय :

नानानिबन्ध समालोक्य सविचार्य स्वय बुध
श्रीन्द्रदत्तः करोत्येता स्मृतिसिद्धान्तचन्द्रिकाम्।
तिथिशुद्धि समाचार शास्त्रे यत् सुविचारितम्
भृग्वादीना मुनीनां तत्संगृह्णामि यथामतिः।।
तदादौ तिथयो निर्णीयन्ते।।
सूर्योदयमारम्भ यावद् दिनमानस्तदुपपर्यन्त
चेद्भवेयुस्तदा निःसन्देहेन पूर्णा. कार्य्याहाः।
अपूर्णत्वे तु यथा–
युग्माग्नि क्रतुभूतानि, षण्मुनयोर्वसुरन्ध्रयोः।
रुद्रेण द्वादशी युक्तान्*, चतुर्दश्या च पूर्णिमा।।
प्रतिपदा त्वमावस्या तिथ्योर्युग्मं महाफलम्।
एतद् व्यस्तं महादोषं हन्ति पुण्यं पुरा कृतम्।।
पूर्वतिथिरुत्तरातिथि विद्धा ग्राह्या।
उत्तरा च पूर्वविद्धेति वेदस्वरूपमाह*।

अभिज्ञा . महर्षि भृगु एव अन्यान्य मुनियो द्वारा शास्त्रो मे जो विचार करके व्रत उपवास हेतु शुद्ध तिथियो का निश्चय किया गया है उसका विचार करके मै इन्द्रदत्त सुकुल स्वमति के अनुसार सग्रह करके इस **"स्मृति सिद्धान्त चन्द्रिका"** नामक ग्रन्थ की रचना कर रहा हूँ।

तिथि निरुपण यदि तिथि सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त के पश्चात् भी रहे तो वह व्रत मे पूर्ण मानी जाती है। कार्य करने योग्य है। यदि तिथि अपूर्ण है तो युग्म तिथि का विचार करना चाहिए। अर्थात् द्वितीया–तृतीया, चतुर्थी–पञ्चमी, षष्ठी–सप्तमी, अष्टमी–नवमी, एकादशी–द्वादशी, चतुर्दशी–पूर्णिमा, प्रतिपद–अमावस्या ये युग्म हैं इसके विपरीत तिथियो मे विहित कर्म पूर्व पुण्य का विनाशक हैं।

पूर्व तिथि परविद्धा, और उत्तर तिथि पूर्वविद्धा कही जाती है। वेदस्वरूप मुनि ने इसे उक्त युग्म तिथि का परस्पर वेध ग्राह्य कहा है।

---

१ व्यस्तम्-अन्यथाकृतम् इति। विपरीतम् इवि भाव । *केचित् युक्ता, वेधस्वरूपमाह इति।

पक्षद्वयेऽपि तिथयस्तिथि पूर्वान्तथोत्तराम्।
त्रिभिर्मुहूतैर्विद्धयन्ति सामान्योऽयं विधि· स्मृत ।।

अभिज्ञा· दोनो पक्षो मे सूर्योदय से तीन मुहूर्त तक रहने वाली तिथि पर तिथि को विद्ध करती है। सूर्यास्त से पूर्व तीन मुहूर्त की तिथि पूर्व तिथि को विद्ध करती है। यह सामान्य नियम है।

प्रतिपत्

यस्मिन्दिने सूर्योदयानन्तरममावस्यापि त्रिमुहूर्ता ततोऽधिका वा चेत् तदा प्रतिपद विध्यति। अस्तात् प्राक् त्रिमुहूर्ता ततोऽधिका वा द्वितीया चेत्सापि प्रतिपदं विध्यति।

तत्रोभये पक्षे युग्मवाक्यबलाच्छुक्लप्रतिपत्पूर्वैव, कृष्णे तु परैव। युग्मवाक्ये अष्टकला षोडशकला वा एवं संग्रहात् चैत्रे कृष्ण प्रति पत्पूर्वविद्धैव ग्राह्या।

अभिज्ञा : सूर्योदय के अनन्तर तीन मुहूर्त या अधिक अमावस्या हो तो प्रतिपदा तिथि को वेध करती है अर्थात् वह अमावस्या प्रतिपद विद्धा कही जायेगी। इसी प्रकार सूर्यास्त के पूर्व दो या तीन मुहूर्त द्वितीया तिथि रहे तो प्रतिपद तिथि को विद्ध करती है।

युम्मवाक्य के अनुसार शुक्लपक्ष का प्रतिपद पूर्व मान्य है। कृष्णपक्ष मे परा ग्राह्य है।

चैत्र कृष्ण प्रतिपद पूर्व विद्धा ही ग्राह्य है। अर्थात् पूर्णिमा विद्धा मान्य है।

होलिकायाः विषये। नास्या कृत्यस्य तदनन्तरमेव कर्त्तव्यत्वात् (= कृत्यस्य)। अत्र कृत्यमुक्त **भविष्ये।**

अभिज्ञाः होलिका के विषय मे कृत्य कर्म उसके बाद ही अर्थात् अव्यवहित दिन मे करणीय है। इस विषय में भविष्य पुराण का यह वचन प्रमाण है—

चैत्रे मासि महाबाहो पुण्या प्रतिपदा भवेत्।
यस्तस्यां श्वपचं स्पृष्ट्वा स्नानं कुर्य्यान्नरोत्तमः।।

न तस्य दुरित किञ्चिन्नाधयो व्याधयो नृप।
दिव्य नीराजने तद्धि सर्वरोगविनाशनम्।।
प्रात धारयेद् होला सर्वदुष्टोपशान्तये।

अभिज्ञा चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को श्वपच स्पर्श के पश्चात् स्नान करना चाहिए। पाप की शान्ति व आधि–व्याधि का शमन होता है। आगे वचन है **नवरात्रारम्भस्तु शुद्धे एव**– इससे भी स्पष्ट है कि होलिका दहन के पश्चात् दूसरे ही दिन प्रतिपद–शुद्ध हो या पूर्णिमा विद्धा हो वही धूलि वन्दन मे ग्राह्य है द्वितीया विद्धा ग्राह्य नहीं है। **प्रतिपदि उदिते रवौ** इस वचन का भाव शुद्ध प्रतिपद के अभाव मे सूर्यास्त पूर्वप्रतिपद् ही ग्राह्य है "**उदिते रवौ प्रतिपदि धूलिवन्दनम् कार्यम् इति भाव**" **अन्यथा पूर्वविद्धैव कर्तव्या** इस वचन से विरोध होने से एक वाक्यता नहीं होगी।

वसन्तोत्सव को साय धूलि वन्दन के पश्चात् रसाल की मञ्जरी पीने योग्य है। मत्र इस प्रकार है–

चूतमग्र्य वसन्तस्य माकन्दं कुसुमं तव।
सचन्दनं पिबाम्यद्य सर्वकामार्थसिद्धये।।
पुराणसमुच्चये-
वृत्ते तुषार समये सितपञ्चदश्या
प्रातर्वसन्तसमये समुपस्थिते च।
संप्राश्य चूत कुसुमं सह चन्दनेन
सत्यं हि पार्थ पुरुषोऽथ समाः सुखी स्यात्।।
वन्दयेद्धोलिकां भूति सर्वदुष्टोपशान्तये।

अभिज्ञाः पूर्णिमा मे होलिका दहन के अनन्तर ही प्रात काल इस कृत्य का विधान हैं।

मन्त्रस्तु-वन्दितासीति।
वन्दितासि सुरेन्द्रेण ब्रह्मणा शंकरेण च।
अतस्त्वं पाहि नो देवि विभूते भूतिदा भव।।
तत्रैव कृत्यान्तरं।

यत्पिबन्ति बसन्तस्य चूतमग्ग्रम् सचन्दनम्।
सत्य हृत्स्थस्य कामस्य पूजेय क्रियते नरै ।।

अभिज्ञा .– शिशिर ऋतु के पूर्णिमा तिथि मे समाप्त हो जाने पर प्रात वसन्तोत्सव मे चन्दन के साथ आम्र मञ्जरी पीस कर पीने से दीर्घायु प्राप्त होती है और उसी दिन होलिका विभूति धारण करना चाहिए।

अथ चैत्रशुक्लप्रतिपत् वत्सरारम्भः।
सा चोदय व्यापिनी ग्राह्या।
चैत्रे मासि जगद्धाता ससर्ज प्रथमेऽहनि।
शुक्ले पक्षे समग्रन्तु तदा सूर्योदये सति।। इति हेमाद्रौ ब्राह्मवचनात्
उभयदिने व्याप्ताव्याप्तौ पूर्वैव।
वत्सरादौ वसन्तादौ वलिराज्ये तथैव च।
पूर्वविद्धैव कर्तव्या प्रतिपत्सर्वदा वुधैः।। इति वृद्धवशिष्ठोक्ते ।
युग्मवाक्याच्च। अत्र तैलाभ्यंगो नित्यः।
वत्सरादौ वसन्तादौ वलिराज्ये तथैव च।
तैलाभ्यगमकुर्वाणो नरक प्रतिपद्यत।। इति वशिष्ठवचनात्।
चैत्रस्य मलमासत्वे तु तत्रैव वत्सरारम्भः।
तत्रैव तस्या एव तिथेर्वर्षप्रवृत्ति.।

अभिज्ञा – यह नये वर्ष के आरम्भ के आरम्भ की तिथि है। यह सूर्योदय व्यापिनी ग्राह्य है।

पितामह ब्रह्मा ने चैत्र शुक्ल प्रथम दिवस को सृष्टि की रचना प्रारम्भ किया। सूर्योदय मे प्रतिपद होना चाहिए। यदि दोनो दिन सूर्योदय में प्रतिपद रहे या दोनो दिन सूर्योदय मे प्रतिपद का अभाव हो जाय तो युग्म वचन से पूर्व दिन अमा विद्ध प्रतिपद से ही नये वर्ष का आरम्भ मान्य है। प्रमाण मूल मे उद्धृत है। इस तिथि को तैलाभ्यग का विधान है। युग्म वाक्य मे अमावस्या प्रतिपदा युग्म है।

यदि चैत्र का प्रथम पक्ष अधिक मास मे पड जाये तो वही से नये वर्ष का प्रारम्भ होता है।

नवरात्रारम्भस्तु शुद्धे एव। नवरात्रारम्भे प्रतिपत्परयुतैव।
अमायुक्ता न कर्तव्या प्रतिपद चण्डिकार्चने।
मुहुर्तमात्रा कर्तव्या द्वितीयान्तु गुणान्विता इति।। देवी पुराणोक्ते।
अस्यामेव प्रपादानं।

भविष्ये—

अतीते फाल्गुने मासि प्राप्ते चैत्रे महोत्सवे।
पुण्येऽह्नि विप्रकथिते प्रपादान समारभेत्।।
प्रपेय सर्व सामान्या भूतेभ्य· प्रतिपादिता।
अस्या. प्रदानात्पितरस्तृप्यन्तु हि पितामहाः।।
